(a) whether it is a fact that Government have decided to grant pension to working journalists in the country by amending the existing law;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) whether Government have also decided to establish a Welfare Fund for the the working journalists; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

पिछड़े पहाड़ी और दूरदराज के क्षेत्रों के लिये दूरदर्शन के कार्यक्रम

1264. **श्री महेश्वर सिंह**: क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विशिष्ट भूगोलीय स्थिति के कारण देश के पिछड़े पहाड़ी और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाली जनता दूरदर्शन के कार्यक्रमों को देखने की सुविधा से अधिकांशतः वंचित है;

(ख) यदि हां, तो दूरदर्शन के कार्यक्रम को इन क्षेत्रों की जनता तक पहुंचाने के लिए सरकार ने क्या योजना बनाई है;

(ग) हिमाचल प्रदेश सरकार ने 1992-93 के दौरान अपने राज्य के किन-किन स्थानों पर कम शक्ति के ट्रांसमीटर (एल० पी० टी०) लगाने की मांग की है; और

(घ) राज्य सरकार की मांग के आधार पर किन-किन स्थानों पर उनके मंत्रालय द्वारा कम शक्ति के ट्रांसमीटरों को लगाया जायेगा और उनसे कितनी जनसंख्या लाभान्वित होगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास): (क) जी, हाँ।

(ख) देश के दूर-दराज, के, पहाड़ी और संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में दूरदर्शन सेवा का विस्तार करने और उसे सुदृढ़ बनाने के लिए कई परियोजनाओं पर विभिन्न चरणों में काम चल रहा है।

(ग) हिमाचल प्रदेश सरकार ने टी० वी० ट्रांसमीटर लगाने के लिए 41 स्थल बताए थे।

(घ) राजगढ़ में एक ट्रांसपोजर पहले ही चालू कर दिया गया है। शिमला में मौजूदा अल्प शक्ति टी० वी० ट्रांसमीटर के स्थान पर एक उच्च शक्ति ट्रांसमीटर लगाने, सुन्दर नगर में एक अल्प शक्ति टी० वी० ट्रांसमीटर लगाने तथा अहजू फोर्ट और पालमपुर में एक-एक अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर लगाने का काम विभिन्न चरणों में चल रहा है। साधनों की उपलब्धता और परस्पर प्राथमिकताओं के अनुरूप इस राज्य में धर्मशाला में एक उच्च शक्ति टी० वी० ट्रांसमीटर स्थापित करने का भी कार्यक्रम है। इन ट्रांसमीटरों के चालू हो जाने पर राज्य सरकार द्वारा बताए गए कुछ क्षेत्रों में दूरदर्शन सेवा प्राप्त होने की आशा है और राज्य सरकार की मौजूदा करीब 58.7 प्रतिशत जनसंख्या कवरेज की तुलना में यह कवरेज करीब 70.5 प्रतिशत हो जाएगी। कवरेज के इन आंकड़ों में किनारे के उन क्षेत्रों की जनसंख्या भी शामिल है जहां संतोषजनक सेवा प्राप्त करने के लिए ऊंचे एंटीना और बूस्टरों की आवश्यकता होती होती है। राज्य में दूरदर्शन सेवा का और विस्तार इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त साधनों की उपलब्धता और देश के कवर न हुए भागों में दूरदर्शन सेवा के विस्तार के लिए परस्पर प्राथमिकताओं पर निर्भर करेगा।

Impact of Cable T.V. on Income of Doordarshan

1265. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that after the introduction of Cable T.V. system in the country the income of Doordarshan from advertisements has slumped considerably;

(b) if so, what are the details of the income earned by Doordarshan during the last two years from advertisements and the earnings on this account during the current calander year; and

(c) what action Government propose to take to ensure the satisfactory earnings of Doordarshan through advertisements and face the threat of Cable T.V. network to Delhi Doordarshan?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) to (c) The gross revenue earned by Doordarshan has been rising over the years as indicated below :—

1989-90	Rs. 210.13 crores
1990-91	Rs. 253.85 crores
1991-92	Rs. 300.61 crores

It is Doordarshan's constant endeavour to telecast more interesting and entertaining programme leading to the generation of more revenue.

Sedials Approved During the Year 1991-92

1266. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what is the number of proposals of serials received during the year 1991-92 and how many out of them were approved by the Doordarshan authorities;

(b) whether guidelines prescribed in this behalf were strictly adhered to while approving, the serials; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND GROADCASTING (KUMARI (GIRIJA VYAS): (a) Doordershan did not invite any proposals for sponsored serials during 1991-92.

(b) and (c) Do not arise.

समाचार पत्रों के पंजीयक के कार्यालय के परिचालन विभाग में कार्यरत अधिकारी

1267. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल**: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) समाचार पत्रों के पंजीयक के कार्यालय के परिचालन विभागों में कितने अधिकारी काम कर रहे हैं;

(ख) क्या यह सच है कि परिचालन विभाग में कार्यरत अधिकारी वहां पर पिछले 5 वर्षों से अधिक समय से काम कर रहे हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकारी नियमों के अनुसार इनका स्थानान्तरण अन्य शहरों में स्थित परिचालन विभाग में भी नहीं किया गया है;

(घ) यदि हां, तो नियमों के उल्लंघन के अलावा क्या यह कार्यवाही भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित नहीं करती है; और

(ङ) क्या सरकार को पिछले 3 वर्षों के दौरान इन अधिकारियों के विरूद्ध कोई शिकायतें मिली हैं? यदि हां, तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) (क) दिल्ली स्थित भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय के परिचालन विभाग में तीन अधिकारी काम कर रहे हैं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) से (ङ) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय में वरिष्ठ परिचालन अधिकारी और सभी परिचालन अधिकारियों की नियुक्ति भर्ती नियमों के अनुसार भारत सरकार के विभिन्न लेखा परीक्षा और लेखा विभागों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाती है और शुरू में उनकी यह नियुक्ति सामान्यतः तीन साल के लिए होती है। किसी भी मामले में इन अधिकारीओं को चार साल से अधिक समय के लिए नहीं रखा गया।